एक नजर में

व्यास जिला महामंत्री, अवस्थी जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

देवास। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अनुशंसा पर जिला युवासंघ अध्यक्ष अजय पांडे (छोटू) ने प्रणय व्यास देवास को जिला महामंत्री और सिद्धार्थ अवस्थी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, रमेश व्यास, संरक्षक दीपक जोशी, सुभाष शर्मा, प्रयास गौतम, आशुतोष जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र स्थापक, बंटी शर्मा, दीपक जोशी, कमलेश शर्मा, मंगेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश दुबे, महासचिव दीपेश कानूनगो, महेंद्र व्यास, संजय दुबे, डॉ.रितेश शर्मा, नयन कानूनगो, प्रतीक पंडित, मोहित पांडे आकाश अवस्थी, मयंक उपाध्याय, पवन चौधरी, विमल शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रतीक शास्त्री, कपिल व्यास, सुदर्शन दुबे, संदीप चौबे, रोहित उपाध्याय, भरत व्यास, अमिताभ शुक्ला, संजय आचार्य, महेंद्र उपाध्याय, संतोष दुबे, नवीन दुबे, एम एम मोदी, एम एम दुबे, आदित्य दुबे आदि समाजजनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

शर्मा की नियुक्ति पर अटल फाउंडेशन ने बधाई दी

देवास। मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा देवास जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी पद पर धनंजय शर्मा की नियुक्ति पर देवास जिले में भाजपा कार्यकर्ता एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं में हर्ष है नियुक्ति पर जिले भर में हर्ष की लहर है एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है बधाई देने वालों में अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ हाटपीपल्या विधानसभा इकाई के अध्यक्ष पवन नागर बरोठा बागली विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सरपंच लखन उईके खातेगांव विधानसभा इकाई के अध्यक्ष लोकेश पवार देवास विधानसभा इकाई के अध्यक्ष जितेंद्र जोशी सोनकच्छ विधानसभा इकाई के अध्यक्ष श्री सोनी एवं जिला पदाधिकारी रघुनाथ नायक महेश नायक आनंद जोनवाल घनश्याम पटेल रामदयाल बरेला ओमप्रकाश पटेल शोभा जोशी रामचंद्र जाटव सुरेश वर्मा राजेश तंवर अशोक यादव हीरालाल गहलोत हरिओम परमार जितेंद्र यादव नांदेड़ गोपाल भलावी जगदीश यादव रामकिशोर यादव अमर सिंह मीणा जगदीश परसाई राजेश जोनवाल मनीराम नायक राहुल नायक राहुल दीक्षित विश्राम नायक भगवान नायक शिवराम नायक अशोक कुमावत चिंटू देवड़ा आदि कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति पर बधाई दी है एवं पार्टी संगठन का आभार व्यक्त किया है।

नर्मदा परिक्रमा से लौटने पर किया स्वागत

बागली। बागली नगर के सुबह निकलने वाली प्रभात फेरी के प्रथम पथिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल योगी विगत गुप्त नवरात्रि अवसर पर परिजनों सहित नर्मदा परिक्रमा करके आए उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती तारावती योगी पुत्र सुनील योगी पुत्रवधू रश्मि योगी सहित दो अन्य परिजन शामिल रहे। सोमवार को भारत तिब्बत समन्वय संघ जिला देवास इकाई द्वारा परिक्रमा वासियों के घर पहुंच कर भगवा अंग वस्त्र से सभी का अभिनंदन किया। इस दौरान रोटी बैंक मातृशक्ति मंडल एवं भारत तिब्बत समन्वय संघ के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की स्वागत प्रतिनिधि मंडल में शामिल भारत तिब्बत समन्वयी संघ की प्रदेश मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री शोभा गोस्वामी किरण देवड़ा प्रमिला तंवर भारती अमित गुप्ता एवं मिसेज गुप्ता शामिल रही।

साहब मेरे आवेदन का निराकरण कराएं

देवास। उदयनगर महाविद्यालय की प्रिंसिपल,भवन निर्माण ठेकेदार एवं पटवारी द्वारा किए गये अभद्र व्यवहार से दुखी होकर उदयनगर निवासी बुजुर्ग किसान रतन सिंह परिहार ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर तत्काल समस्या हल करने का अनुरोध किया। बुजुर्ग किसान ने बताया कि वर्ष 2000 में बंदोबस्त के दौरान मौके अनुसार राजस्व रिकॉर्ड मेरी कृषि भूमि दर्ज नहीं की गई। मेरे स्वामित्व व अधिपत्य की कृषि भूमि जिस पर पचासों वर्षों से मै पूर्वजो के समय से खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता आ रहा हूं, इस जमीन को वर्तमान में शासकीय भूमि बता रहे हैं। उक्त भूमि से मुझे असंवैधानिक तरीके से उदयनगर महाविद्यालय की प्रिंसिपल, भवन ठेकेदार, राजस्व निरीक्षक व पटवारी द्वारा बेदखल करने का प्रयास किया जा रहे है। यह मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगां। मेरे द्वारा 19 नवंबर 2025 को इस संबंध में एक आवेदन माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बागली को दिया था। जिसका आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं हुआ। पुराने रिकॉर्ड अनुसार इंद्राज दुरस्ती होने पर ही वास्तविकता सामने आएगी। ये लोग अपने पद के अधिकारों का दुरुपयोग कर सरेआम मनमानी कर मेरे साथ अन्याय कर रहे हैं। इन्होंने मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया, जिससे मैं बहुत मानसिक तनाव में हूं। उक्त मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर मुझे मेरे स्वामित्व की कृषि भूमि से बेदखल नहीं किया जाए।

हरि सिंह पहलवान का 90 वर्ष में निधन

भौरासा। भौरासा,समीपथ ग्राम सुमरा खेड़ी के एक मात्र जाने माने हरि सिंह पहलवान का 90 वर्ष की निधन देवास सहित अन्य जगह में भी जिन्होंने अपनी अलग ही पहचान बनाई थी बलदेव सिंह के बड़े भाई कांग्रेस के नेता भगत सिंह पदम सिंह के पिताजी एव गोवर्धन सिंह दूले सिंह उदय सिंह माखन सिंह के बड़े पापा व मोहन दिलराज दीपक के दादाजी हरि सिंह पहलवान 90 वर्ष की आयु मे निधन हो गया उनके निधन पर ग्राम सुमरा खेड़ी के मकुंद पटेल हेमराज काका नराण सेठ,रामलाल लाइनमैन सरपंच परषोत्तम पटे,सरदार भाई,पूर्व सरपंच प्रहलाद सिंह पटेल,मुकेश पटेल, जगदीश पटेल,जितेंद्र पटेल,तेज सिंह पटेल,रवि पटेल भौरासा नगर के पंचायत अध्यक्ष संजय महाराज वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर नाना गुरु,मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर आराम सिंह,ठाकुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष जय सिंह राणा,ठाकुर राजकुमार पटेल,नगजीराम यादव,दिनेश यादव,रमेश इनानी,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,लाल सिंह पहलवान, रमेश चंद्र जाजू,डॉ रूप सिंह नागर पार्षद भादर सिंह भाटी,ठाकुर राजकुमार पटेल,पत्रकार अभय नागर,संतोष गोस्वामी ,मनोज जोशी,जीवन सिंह ठाकुर गेंदा,प्रेमचंद सेठी,नरेंद्र माली,निक्की नामदेव अंकित मालवीय,प्रकाश लोधी, अशोक लोधी,हेमेंद्र सिंह ठाकुर,पार्षद धर्मेंद्र ठाकुर निलेश कदम गणमान्य नागरिक आदि समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

आंगनवाड़ी प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्रीय बाल एवं विकास मंत्री से भेंट की

मंत्री को बताई समस्याएं

देवास। ऑल इंडिया आंगनवाड़ी एम्पलाइज फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रतिनिधिमंडल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से उनके कैंप कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की तथा सभी संगठनों के पदाधिकारी अपनी मांगों पर ध्यान आकर्षित कराया जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2026 के बजट पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं। वर्ष 2018 के बाद से अब तक मानदेय में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है, जिससे देशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं के कारण कई लाभार्थी ओटीपी साझा करने से डरते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यह बैंक से संबंधित हो सकता है और इससे उनकी बचत राशि को खतरा हो सकता है। एफआरएस अक्सर सटीक नहीं होता और कई प्रयासों के बाद ही काम करताहै, जिससे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए समय नहीं बचता। कई लाभार्थियों ने आधार से अपना मोबाइल नंबर लिंक नहीं किया है या फिर नंबर बदल चुके हैं, जिससे ओटीपी पुराने नंबर पर जाता है और वे टीएचआर नहीं ले पाते। जिन लाभार्थियों ने अपने रिश्तेदारों के आधार नंबर से पंजीकरण किया है, उनके लिए रिश्तेदार का उपस्थित रहना अनिवार्य है, जो कार्य के कारण संभव नहीं होता। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं का वजन बदलने से चेहरा बदल जाता है। विवाह के बाद भी चेहरा पहले की फोटो से अलग हो जाता है।इससे एफआरएस में फोटो मेल नहीं खाता और प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। कई बार पोषण ट्रैकर या आधार सर्वर डाउन होने से एफआरएस पूरा नहीं हो पाता। कई कार्यकर्ताओं को डेटा रिचार्ज के लिए धनराशि अग्रिम में नहीं दी गई और बाद में भी उसका भुगतान नहीं किया गया, जिससे उन्हें अपनी निजी आय से खर्च करना पड़ रहा है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एफआरएस की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उच्च अधिकारियों के लगातार दबाव के कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अत्यधिक मानसिक तनाव में कार्य कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रैच्युटी का अधिकार प्राप्त है। अप्रैल 2022 में यह आदेश पारित हुआ, लेकिन आज तक कर्नाटक राज्य को छोड़कर किसी अन्य राज्य में इसे लागू नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूर्णकालिक, स्थायी कर्मचारी हैं, न कि मानदेय कार्यकर्ता। अत: उन्हें तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारियों की तरह वेतनमान, महंगाई भत्ता, ग्रैच्युटी, पीएफ और पेंशन जैसे सभी लाभ दिए जाने चाहिए। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सेवा निवृत्ति के बाद 10,000 प्रतिमाह की पेंशन योजना लागू की जाए। शहरी क्षेत्रों में 1000 से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों एवं दूरदराज के ग्रामों में, जनसंख्या मानदंड लागू किए बिना, नई आंगनवाड़ियों को स्वीकृति दी जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए एक माह की पूर्ण ग्रीष्मकालीन छुट्टी घोषित की जाए एवं उस माह के लिए सूखा राशन प्रदान किया जाए। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आवश्यक ऐप्स चलाने हेतु टैब फोन प्रदान किए जाएं आदि शामिल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला खत्री, राष्ट्रीय सचिव सावित्री ठाकुर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रंजना राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी सिंह, प्रदेश कार्यकारी रुक्मणी यादव आदि उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष रंजना राणा ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनों को बताया कि 17 फरवरी 2026 को होने वाला आंदोलन आगे बढ़ा दिया गया है क्योंकि एफआरएस का कार्य एवं लग्न विवाह होने के कारण आंदोलन प्रभावित होगा।

सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

देवास। महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास के ग्राम बांगर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का 8 फरवरी 2026 को प्राचार्य डॉ जी डी सोनी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवक छात्राओं ने महिला साक्षरता एवं सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल साक्षरता, साइबर क्राइम जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह अवसर पर मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी ने स्वयंसेवक छात्राओं को संबोधित करते हुए शिविर आयोजन की शुभकामनाएं दी एवं शिविर में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर हमें व्यवहारिक ज्ञान देते हैं साथ ही समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। बाल न्यायालय सदस्य वीणा महाजन ने छात्राओं से कहा कि एक लड़की दो घर संवारती है इसलिए आप स्वयं मजबूत बने एवं आने वाले संतान को भी मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि झांसी की रानी, अहिल्याबाई, मेरीकाम की कहानियाँ पढ़े, उन्हें जीवन में उतारे, देश के बारे में सोचे, राष्ट्र के बारे में सोचें, माता-पिता का गौरव बने और शहर का भी गौरव बढ़ाये हमेशा सकारात्मक रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर क्रांतदर्शी सिंदल ने शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत दी। मंच संचालन बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा आराधना मंडलोई ने किया एवं आभार डॉ अनिता भाना ने माना। समापन अवसर पर डॉ लोकेश जारवल, डॉ वर्षा जयसवाल, डॉ दीपन्निता गांगुली, डॉ विजय सिंह चौहान, प्रो प्रमोद परिहार, प्रो रामसितम साकेत, धर्मेंद्र दडिंग, अल्पना कुशवाहा आदि महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 6 से 21तक

भौरासा । नगर भौरासा में लगने वाले प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाबा भँवरनाथ जी महाराज के मेले मे दिनांक 16 फरवरी 2026 से 21,फरवरी 2026 तक टेनीस विल्सन बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रहेगा जिसमें इंट्री फिस 4000/=हजार रूपए रखी गई है जिसमें प्रथम पुरस्कार 2 ,लाख रुपए ,द्वितीय पुरस्कार 1,लाख रूपये दिया जावेगा साथ ही मेन ऑफ द सिरीज 11000/= हजार रुपए एव मैन ऑफ़ द मैच फाइनल 5100/= सौ रू. दिये जावेंगें नोट प्रत्येक मैच 7 ओवर का होगा जिस मैं बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़, भोपाल, इंदौर, आष्टा, पेटलावद, शाजापुर ,उज्जैन, कदवापटवा, सोनकच्छ, हाटपिपलिया, सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 16 टीमे भाग लेगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे राजेन्द्र यादव मो,9300689548 पर जिस को लेकर मेला ग्राउंड पर पीच व ग्राउंड बनाया जा रहा है ,मेले को इस वर्ष भव्य व सफल बनाने की अपील नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी ,पार्षद प्रतिनिधि रोहित जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि छोटू लाल लोधी ,पार्षद मनीष यादव, पार्षद सचिन यादव, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र ठाकुर ,पार्षद सुरेश मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि संदीप चावड़ा, पार्षद प्रतिनिधि विनोद डोडिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि अफजल मंसूरी, पार्षद गुलरेज मदनी, पार्षद अबरार गांधी, पार्षद प्रतिनिधि भादर सिंह भाटिया ने की।

संत शिरोमणि सेनजी महाराज भक्ति व आध्यात्म के प्रेरणास्त्रोत : विधायक

समारोहपूर्वक हुआ सेनजी महाराज छत्री का अनावरण

देवास। मंगलवार को नगर निगम के वार्ड क्रमांक 25 में सिविल लाइन चौराहा पर संत शिरोमणि सेनजी महाराज की नवनिर्मित छत्री का अनावरण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमंत गायत्रीराजे पवार उपस्थित रहीं। जबकि अध्यक्षता महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सभापति रवि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, संत कानु नागोबा सनावद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, मेयर इन काउंसिल सदस्य गणेश पटेल, धर्मेन्द्रसिह बैस, शीतल गोहलोत, पार्षद आलोक साहू, राहूल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि विनय सांगते, बाबु यादव, संजय दायमा, भाजपा नेता विजयसिंह पंवार, ओम जोशी, एडव्होकेट अशोक वर्मा, अशोक चौहान सागौर, सुभाष वर्मा इंदौर, रामजी राम, पुरुषोत्तम चौहान, कैलाश वर्मा, अशोक वर्मा, अशोक चौहान, प्रदीप श्रीवास, देवेंद्र नवगोत्री, मधु शर्मा, सुरेश सिलोदिया, जुगनू गोस्वामी, संजय ठाकुर आदि मंचासीन थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने फीता काटकर सेनजी महाराज की छत्री का अनावरण किया व सेनजी महाराज की आरती कर पूजन किया। स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्रीय पार्षद व निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने संपूर्ण सेन समाज को यह सौगात देने के लिए विधायक, महापौर, सभापति व नगर निगम समस्त पदाधिकारियों के सहयोग का जिक्र किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गायत्रीराजे पवार ने कहा कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जीवन भक्ति व आध्यात्म से भरा रहा है। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। उनके विचार सेन समाज की ही नहीं संपूर्ण हिंदू समाज को जागृति व चेतना देते है। विधायक श्रीमंत पवार ने सेनजी महाराज की इस सुंदर छत्री निर्माण के लिए पार्षद मनीष सेन की प्रशंसा भी की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने सेनजी महाराज की छत्री अनावरण की सभी समाजजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत महेश बोड़ाने, जीतू चौहान, अर्जुन वर्मा, अरुण परमार, राकेश वर्मा, अनिल वर्मा, अजय परमार, हरीश श्रीवास, राहुल राठौर, नीतेश सेन, प्रदीप सेन, कमलेश श्रीवास, दीपक परमार, विकास वर्मा, नीरज वर्मा, अशोक वर्मा, रामेश्वर नागेश, राजेंद्र राठौर, विष्णु नागेश, कचरूलाल वर्मा, डॉ. गौरीशंकर वर्मा, सुरेश पंवार, बंशीलाल रेनिवाल, मनोज पंवार, बाबूलाल पंवार, एडव्होकेट गोपाल पंवार, एडव्होकेट राजेश वर्मा, धर्मेंद्र रेनीवाल, अनिल वर्मा, पंकज वर्मा, मनोज श्रीवास, अभय श्रीवास, अशोक सेन, दिनेश श्रीवास, कैलाश श्रीवास, हेमराज इटोरिया, लक्ष्मण श्रीवास, अतुल बहेरिया, नारायण श्रीवास, संजय सेन, पवन वर्मा, ब्रजमोहन सराठे, रमेश सियावाले, हेमंत वर्मा, नीलेश श्रीवास, राकेश वर्मा, राहुल वर्मा, धीरज सेन, गौरव सेन, कुशाल राठौर, कुलदीप नागेश, आशीष नागेश, आशीष वर्मा, गोपाल वर्मा, रूपेश वर्मा, गौरव श्रीवास, मनोज वर्मा आदि ने किया। कार्यक्रम में शाजापुर, उज्जैन, इंदौर, शुजालपुर, राघौगढ़, डबलचौकी, सोनकच्छ, विजयागंज मंडी, बरोठा सहित देवास के संपूर्ण सेन समाज बंधु व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया एवं आभार जीतू चौहान ने माना।

गौ वंश पर प्राण घातक हमला करने वाले को गिरफ्तार करने के लिए दिया ज्ञापन

पीपलरावां। गौ वंश पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी का 15 दिन बाद भी पुलिस पता नही लगा सकी। पुलिस की उदासीनता व कार्यशैली से नाराज नगर के सर्व हिन्दू समाज ने मंगलवार को बड़ी संख्या में पुलिस थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर डेढ़ बजे नगर के मढ़ी मंदिर में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग एकत्र हुए तथा नारे लगाते हुए पुलिस थाना परिसर पहुंचे। जहां हिन्दू समाज के लोगों ने पहले प्रतीकात्मक धरना दिया। इसके बाद पुलिस की उदासीनता दूर करने की कामना करते हुए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। हिन्दू समाज द्वारा ज्ञापन देकर आरोपियों का जल्द पता लगाने की मांग की गई। ज्ञापन का वाचन अभिलाष जोशी ने किया। वहीं गौसेवकों के सवालों से बचती एसडीओपी दीपा मांडवे की तरफ से सोनकच्छ टीआई अजय गुर्जर व थाना प्रभारी सुबोध गौतम ने प्रतिनिधियों की बात सुन उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास किया। पदाधिकारियों ने आठ दिन की अंतिम समयसीमा देते हुए दोषियों का पता नही लगाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान युवराज कराड़ा,ईश्वर कराड़ा, अशोक राठौर,मनीष बैरागी, राहुल कुशवाह,हेमंत वर्मा, अनिल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे। नायब तहसीलदार लखन सोनानिया, एसआई कपिल नरवले सहित सोनकच्छ, भौंरासा, टोंकखुर्द व चौकियों का बल मौजूद था।

पिपलेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक आज से

सोनकच्छ। शिवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महारुद्रा अभिषेक श्रीपिपलेश्वर महादेव मंदिर पर ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 बाबा महेश्वरानंद जी की प्रेरणा से और महंत लवचंदास महाराज के सानिध्य में व स्वामी महेशचरण दास जी महाराज लुहाना कुटी वाले के मार्गदर्शन मे यह कार्यक्रम हो रहा है।

यज्ञाचार्य ब्रह्मलीन पंडित रामाधार द्विवेदी बागली वालो के आचार्यत्व में उनके शिष्य पंडित कनिष्क द्विवेदी व शिष्यो के पांडित्व में किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान का 33वां वर्ष है। 11 से 15 फरवरी तक पांच दिवसीय महा रुद्रा अभिषेक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक पिपलेश्वर महादेव का दूध , दही , शहद , भांग , गन्ने का रस , पंचमेवा , फलो का रस व अन्य सामग्रीयो से प्रतिदिन महारुद्रा अभिषेक किया जाएगा।

प्रतिदिन पिपलेश्वर महादेव का विभिन्न रूपों में आकर्षक श्रृंगार कर शाम को 5 बजे महा आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

किराना दुकानों पर बिक रही शराब के विरोध में दिया ज्ञापन

कन्नौद । कन्नौद कुस्मान्य एव आसपास के ग्रामों किराना दुकानों पर बिक रही अवैध शराब के विरोध में अनेकों ग्रामों के के ग्रामीणों जिसमे सेकड़ो की तादाद में महिलाओं एव पुरुषों ने नारे बाजी करते हुए मुख्य मार्ग पर से रेली निकाल कर कन्नौद स्थरू कार्यालय पहुँच कर एक ज्ञापन दिया।

कन्नौद एसडीएम से मांग की गई की शराब ठेकेदारो द्वारा अपनी निर्धारित दुकान के अलावा अन्य ग्रामों में अपनी डायरी बनाकर घरों एव किराना दुकानों / गुमटियों पर से मनमाने दामो में नियम विरुद्ध आबकारी नीति के खिलाफ अवैध रूप से शराब खुलेआम बेची जा रही है पूर्व में भी शासन को देवास शिकायत की थी फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई और वही क्रम सतत जारी है ।

ग्रामों में बेची जा रही अवैध शराब के कारण युवा पीढ़ी के युवाओं में नशे की आदत बन रही हे और आये दिन ग्रामों में व घर परिवार में लड़ाई झगड़े होते रहते हैं ऐसे में कभी भी कोई गंभीर घटना घटित होने का ख़तरा बना रहता हे । अत: इसके विरुद्ध कार्रवाई की जाकर अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जावे।

एक नजर एल आई सी शाखा क्रमांक 2 में प्रात : 10 .30 बजे एक संयुक्त धरना प्रदर्शन किया जाएगा

12 फरवरी की राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल को लेकर मीटिंग

देवास। मजदूर, कर्मचारी विरोधी पूँजीपरस्त चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के खिलाफ व श्रमिक, कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल का आव्हान किया गया। आम हड़ताल को देवास में सफल कराने के उद्देश्य से एल आई सी शाखा क्रमांक -1 में मीटिंग की गई। संयुक्त ट्रेड यूनियन कौन्सिल देवास के संयोजक कॉ मोहन जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि,मजदूर, कर्मचारी विरोधी पूँजीपरस्त चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के खिलाफ व श्रमिक, कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल का आव्हान किया गया। मजदूर-कर्मचारी विरोधी पूँजीपरस्त चार श्रम संहिताओं के खिलाफ मजदूर यूनियनों द्वारा निरंतर चलाये गए देश व्यापी जन आंदोलन और कई मौकों पर ट्रेड यूनियनों की अखिल भारतीय हड़ताल के बावजूद केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार ने घरेलू और विदेशी पूँजपतियों के हितों को साधने के लिए कड़ी मेहनत से अर्जित 29 श्रम कानूनों को खत्म कर 21 नवम्बर 2025 को चार श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की है। इन चार श्रम संहिताओं के खिलाफ ये आम हड़ताल आयोजित होने जा रही है। देवास में भी इस आम हड़ताल को सफल करने के लिए 12 फरवरी को एल आई सी शाखा क्रमांक 2 में प्रात: 10.30 बजे एक संयुक्त धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

एल आई सी यूनियन के मोरसिंह राजपूत ने कहा कि आम हड़ताल में बीमा यूनियने भी शामिल होगी। सरकार लगातार बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की मंजूरी देकर बीमा क्षेत्र का निजीकरण कर रही है। एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कॉ राजुल श्रीवास्तव ने कहा कि देवास, जो कि मजदूरों का शहर है, लेकिन उस मजदूर के हालात किसी भी तरह से ठीक नहीं हैं। मजदूर दस-दस घंटे तक कंपनियों में कार्य करने को मजबूर हैं परंतु ठेका प्रथा में उन्हें उनकी वेतन में वृद्धि नहीं की जा रही। यहां तक कि वे अपनी मेहनत की कमाई की पी एफ की राशि का भी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

ठेकेदारी प्रथा मजदूरों का खून चूस रही है, ठेकेदार बिना कोई श्रम किए मजदूर की मेहनत की गाड़ी कमाई हड़प रहे हैं, वहीं किसी मजदूर की कंपनी में कार्य करते हुए चोट लगने या जहां तक की मौत होने पर भी ठेकेदार, मालिक को ,उस मजदूर या उसके परिवार से कोई सरोकार नहीं रहता । उन्होंने तमाम श्रमिकों, कर्मचारियों व मेहनतकश जनता से आम हड़ताल में शामिल होने की अपील की ।मीटिंग में कॉम अश्विनी झरबड़े, जानकीलाल मोदी,अमित सांगते, आयुष्मान दीखीत , करण पिसे आदि शामिल रहे।